दिन– शनिवार | दिनांक– 24 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अठारहवें रोजगार मेले में इकसठ हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। पटना और मुजफफपुर समेत देश के पैंतालीस स्थानों पर भी हो रहा है मेले का आयोजन।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज वैशाली जिले में एक सौ बावन करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

03. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की एक सौ दोवीं जयंती आज। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में होगा राजकीय समारोह का आयोजन।

04. और, बिहार के ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुये प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अठारहवें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त इकसठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस रोजगार मेले में प्रधानमंत्री युवाओं को संबोधित भी करेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

रोजगार मेला प्रदेश में दो स्थानों पटना और मुजफ्फरपुर में आयोजित किया जायेगा। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज वैशाली जिले में एक सौ बावन करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ अट्ठाईस विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस दौरान चौवन करोड़ रूपये की लागत वाली पच्चीस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वहीं, श्री कुमार अंठानवे करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ तीन योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री कुमार का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत स्थानीय सांसद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

————————————————————

प्रदेश में गंगा समेत सात घोषित राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास किया जायेगा। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कोच्चि में इनलैंड वाटरवेज डेवलपमेंट काउंसिल, आईडब्लयूडीसी की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंगा, गंडक, कोसी और सोन समेत प्रमुख नदियों के रास्ते राज्य में भारी सामग्रियों की ढुलाई में बढ़ोतरी होगी। श्री कुमार ने बताया कि राज्य सरकार सागर माला योजना के तहत अन्तर देशीय जल मार्गों को बढ़ावा दे रही है। गौरतलब है कि प्रदेश में एक हजार एक सौ सत्तासी किलोमीटर के कुल सात राष्ट्रीय जल मार्ग हैं। वहीं, घाटों की संख्या एक हजार पांच सौ पचास है।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों के आदेश का सात दिन के भीतर अनुपालन करने के निर्देश दिये हैं। प्रधान सचिव सी.के. अनिल की ओर से जारी निर्देश के अनुसार न्यायिक अनुशासन का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान जन कल्याण संवाद में तथ्य प्रकाश में आने के बाद यह आदेश जारी किया गया है। इधर, राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में अंठावन अंचलाधिकारियों को नोटिस भेजा है।

———————————————————

प्रदेश में अवैध बालू के परिवहन पर नियंत्रण के लिए सभी बार्डर चेक पोस्टों पर तकनीक आधारित ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रिकाग्निशन, एएनपीआर सिस्टम लगाया जायेगा। खान और भू–तत्व विभाग की ओर से लगने वाले इस सिस्टम से पड़ोसी राज्यों से अवैध बालू की आवाजाही पर रोक लगने के साथ ही खनिज परिवहन की पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित होगी।

———————————————————

प्रदेश को फाइलेरिया यानि हाथीपांव रोग मुक्त बनाने के लिए दस फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान –एमडीए चलाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि ग्यारह फरवरी को अभियान के तहत एक करोड़ लोगों को फाइलेरिया मुक्त दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से दवा का सेवन करने की अपील की है। यह अभियान सत्ताईस फरवरी तक चलेगा।

———————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पिछले दशक में वस्त्र क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय वस्त्र मेले में श्री सिंह ने

कहा कि दो हजार पच्चीस में घरेलू बाजार छह से बढ़कर तेरह लाख करोड़ रुपये का हो गया और कोविड के बाद की अवधि में निर्यात में भी पच्चीस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वस्त्र क्षेत्र रोजगार सृजन करने वाले सबसे बड़े मंचों में से एक बन गया है।

———————————————————

गन्ना मंत्री संजय कुमार ने कहा है कि प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत त्रिस्तरीय बीज उत्पादन कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी में कोटवा पंचायत के लखानीपुर गोविंदगंज में आयोजित गन्ना किसान संगोष्ठी सह क्षेत्रीय कार्यशाला में श्री कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में सात लाख क्विंटल प्रमाणित गन्ना बीज के वितरण का लक्ष्य रखा गया है। श्री कुमार ने बताया कि प्रदेश में गन्ना की खेती के लिए अनुकूल माहौल होने के बावजूद इसकी प्रति हेक्टेयर उत्पादकता राष्ट्रीय औसत से कम है। उन्होंने कहा कि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए किसानों को आधुनिक सिंगल बड पद्धति से खेती करनी चाहिए।

———————————————————

पटना हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अंशुल उर्फ अंशुल राज को पटना हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनाया गया हैं। कानून मंत्रालय ने उनकी नियुक्त की अधिसूचना जारी कर दी है। पटना हाईकोर्ट कॉलेजियम ने वकील अंशुल राज के नाम की अनुशंसा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से की थी। गौरतलब है कि अंशुल राज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के वकील रहे हैं।

———————————————————

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी एक सौ दोवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर जननायक के पैतृक गांव समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

———बाईट———

इधर, पटना स्थित देशरत्न मार्ग पर भी कला और संस्कृति विभाग की ओर से जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागीय मंत्री अरूण शंकर प्रसाद करेंगे।

———————————————————

सक्रिय सुशासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार पन्द्रह में इस मंच की शुरूआत की थी। यह मंच सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक ही डिजिटल मंच पर एक साथ लाता है। इस विशेष श्रृंखला में, आज छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग–तीस के रायपुर–कोडेबोड खंड को चार लेन का बनाये जाने पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट –

–––कट–––

———————————————————

प्रदेश के छिहत्तर हजार सरकारी स्कूलों में अगले माह से शिक्षकों और बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी बनेगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को अगले माह से ऑनलाईन हाजिरी की व्यवस्था शुरू कराने का निर्देश दिया है। इससे लगभग पौने दो करोड़ स्कूली बच्चों के साथ लगभग छह लाख शिक्षकों की भी हाजिरी टैब से ही बनेगी। इसके अलावा मध्याह्न भोजन की रिपोर्ट भी टैब के माध्यम से ली जाएगी।

———————————————————

रायपुर में खेले गये टी–ट्वेंटी क्रिकेट श्रृंखला के दूसरे मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट पर दो सौ आठ रन बनाए। जवाब में भारत ने पन्द्रह ओवर और दो गेंद में तीन विकेट पर दो सौ नौ रन बनाकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सैंतीस गेंदों पर नाबाद बयासी रन बनाये जबकि बिहार के ईशान किशन ने बत्तीस गेंदों में छिहत्तर रन जोड़े। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पांच मैचों की श्रृंखला में अब भारत ने दो–शून्य की बढ़त बना ली है। श्रृंखला का तीसरा मैच रविवार को गुवाहाटी में खेला जाएगा।

———————————————————

सुपौल जिला पुलिस और एसटीएफ की विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई में जिले के पच्चीस हजार रूपये का इनामी अपराधी ललित मेहता को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के चोरगांव से हरियाणा पुलिस ने पिछले दिनों हुई ग्रामीण बैंक में लाखों की डकैती के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

किशनगंज पुलिस ने जाली लॉटरी माफिया के अंतर–राज्यीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक शसंतोष कुमार के निर्देशन में गिरोह के मास्टरमाइंड मो. नसीम समेत कुल पांच अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.........

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता।

प्रभात खबर की सुर्खी है– नदियों के रास्ते व्यापार की तैयारी, सड़क मार्ग से पैंसठ प्रतिशत पड़ेगा सस्ता।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– भ्रष्ट अफसरों–कर्मचारियों की साल में दो बार सूची जारी करेगी सरकार।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को सचित्र प्रकाशित करते हुये लिखा है– पहाड़ों पर बर्फबारी का वसंत। बिहार में उनतीस को हल्की बारिश, फरवरी में लौटेगी ठंड।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अठारहवें रोजगार मेले में इकसठ हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। पटना और मुजफफपुर समेत देश के पैंतालीस स्थानों पर भी हो रहा है मेले का आयोजन।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज वैशाली जिले में एक सौ बावन करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

03. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की एक सौ दोवीं जयंती आज। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में होगा राजकीय समारोह का आयोजन।

04. और, बिहार के ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुये प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।